प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

यूपीआई– दस वर्ष

देश और विदेश में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने कल अपनी सफलता के दस वर्ष पूरे कर लिए हैं। वित्त मंत्रालय के अनुसार, पिछले एक दशक में यूपीआई के जरिए होने वाले लेन–देन की संख्या में लगभग 13 हजार गुना की भारी वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपीआई के इस शानदार सफर की सराहना करते हुए इसे देश की डिजिटल यात्रा का एक बड़ा महत्वपूर्ण मोड़ बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर देशवासियों से अपने यूपीआई अनुभव साझा करने का आह्वान किया और कहा कि इसकी अभूतपूर्व पहुंच पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए।

यूपीआई– दस वर्ष–1

प्रदेश में भी यूपीआई डिजिटल भुगतान का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। प्रदेश के लोगों को यूपीआई के माध्यम से पैसों के लेन–देन में काफी सुविधा मिली है। कुल्लू जिला निवासी बाल कृष्ण ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई यूपीआई सुविधा से अब बिना नगदी के भी लेन–देन आसान हो गया है

उधर चंबा जिला में भी लोग यू.पी.आई. का भरपूर लाभ उठा रहे हैं। चंबा निवासी अजय शर्मा, ने यूपीआई को लेन–देन का एक बेहतर व सुरक्षित माध्यम बताया है।

विधानसभा सत्र

शिमला में चले रहे प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आज पांचवा दिन है। सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी । आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हिमऊर्जा का सालाना प्रशासनिक प्रतिवेदन 2025–26 सदन में रखेंगे। अधिक ब्योरे के साथ हमारे विशेष संवाद्दाता...............

*शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आज पांचवा दिन है। सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी जिसमें विधायकों द्वारा बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, सड़कों और आपदा से जुड़े प्रश्न पूछे गए हैं । इसके बाद शून्यकाल में भी विधायक क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे। आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हिमऊर्जा का सालाना प्रशासनिक प्रतिवेदन 2025–26 सदन में रखेंगे।वहीं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार में पहले संशोधन नियम 2026 की प्रति सदन के पटल पर रखेंगे। इसके अलावा आज सदन में दो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव चर्चा के लिए लाए जाएंगे। विधायक राम कुमार क्पहपजंस डमजमत लगने के बाद जनता को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाएंगे। तो वहीं विधायक राकेश जम्वाल भूस्खलन के कारण तत्तापानी–सलापड़ मार्ग बंद होने से बनी स्थिति पर सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। सदन में दो दिन से चल रही नियम 130 के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चर्चा का आज सरकार की तरफ से जवाब दिया जाएगा।*

*वहीं नियम–130 के तहत युवाओं के लिए रोजगार गारंटी के कार्यान्वयन पर चर्चा जारी रहेगी। 24 अगस्त को शुरू हुई इस चर्चा पर आज भी सदन में बहस जारी रहेगी । चार दिन सदन की कार्यवाही काफी हंगामेंदार रही है विपक्षी भाजपा ने राष्ट्रीय गान के अपमान को लेकर सरकार के आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि अब कार्यवाही का वीडियो भी सामने आ गया है कहीं राष्ट्रीय गान का अपमान नहीं हुआ है ऐसे में मुख्यमंत्री अब माफी मांगे। रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला....*

ईद–ए–मिलाद–उन–नबी

आज ईद–ए–मिलाद–उन–नबी का त्यौहार है यह दिन पैगम्बर ए इस्लाम हजरत के जनम दिवस के रूप में मनाया जाता है राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मुने ईद–ए–मिलाद–उन–नबी पर लोगों को बधाई दी है। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि ईद–ए–मिलाद–उन–नबी पैगंबर मुहम्मद के उपदेशों को याद करने का अवसर है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईद ए मिलाद–उन–नबी के अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने उम्मीद जताई कि यह अवसर दुनिया भर में एकता और खुशी को बढ़ावा देगा।

अभियान

जिला कुल्लू में मध्स्थता राष्ट्र के लिए, 3.0 अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत लोगों को लंबे समय; से चले आ रहे विवादों को सुलझाने में मदद मिलेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल तिवारी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जनता को विवादों के वैकल्पिक समाधान की ओर प्रेरित करना और लंबे समय से लंबित मामलों का जल्द निपटारा सुनिश्चित करना है। जिला प्राधिकरण ने लोगों से अपील की है कि वे लंबित विवादों को जल्द सुलझाने के लिए मध्यस्थता का लाभ उठाए।